<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 27 नवम्बर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में ध्वजारोहण समारोह पर पाकिस्तान की हालिया टिप्पणी को लेकर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। कहा–पड़ोसी देश को दूसरों को उपदेश देने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एंटी नारकोटिक्स विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को और अधिक प्रभावी बनाने का दिया निर्देश।
- वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने किया उन्नीसवीं राष्ट्रीय जम्बूरी पीजेंट शो का उद्घाटन । कहा– स्काउट गाइड है युवाओं में बौद्धिक, आध्यात्मिक और सामाजिक विकास का सशक्त माध्यम।
- दो से पंद्रह दिसम्बर तक वाराणसी में आयोजित होगा काशी तमिल संगमम का चौथा संस्करण। सफल आयोजन के लिए तैयारियां तेज।

**********

भारत ने अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में ध्वजारोहण समारोह पर पाकिस्तान की हालिया टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भारत ने कहा है कि पड़ोसी देश को दूसरों को उपदेश देने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नई दिल्ली में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत इन टिप्पणियों को पूरी तरह से खारिज करता है।

**हमने रिपोर्ट किए गए बयानों को देखा है और उन्हें उसी अवमानना साथ खारिज करते है, जिसके वो हकदार है। एक ऐसे देश के तौर पर जिसका अपने अल्पसंख्यकों के दमन, कटरता और व्यवस्थित बुरे बर्ताव का गहरा दागदार रिकॉर्ड है। पाकिस्तान के पास दूसरे को लेक्चर देने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।**

चीन से संबंधित एक प्रश्न के उत्तर में श्री जायसवाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न तथा अविभाज्य अंग है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर एंटी–नारकोटिक्स विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को और अधिक प्रभावी बनाने का निर्देश दिया। श्री योगी ने कहा कि अपराधियों तक यह संदेश जाना चाहिए कि प्रदेश में अवैध ड्रग का कारोबार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल संविधान दिवस के अवसर पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कोई देश संविधान की मूल भावनाओं को सम्मान देते हुए बढ़ता है तो उसे विकसित होने से कोई रोक नहीं सकता।

**जब भी कोई देश अपनी इन मूल भावनाओं को सम्मान देते हुए आगे बढ़ता है, उसको विकसित होने में कोई रोक नहीं सकता। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी जी ने देशवासियों के सामने विकसित भारत की एक संकल्पना रखी। अगर हमें विकसित और आत्मनिर्भर भारत चाहिए तो इसके लिए हर भारतवासी को चाहिए कि वह उन पंच प्रणों के साथ जुड़े जो पंच प्रण हमें हमारे दायित्वों का एहसास करा सके।**

**********

विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर प्रक्रिया का पहला चरण प्रदेश के सभी जिलों में तेजी से पूरा किया जा रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और राज्यपाल कलराज मिश्र कल ग्रेटर नोएडा स्थित एसआईआर सम्बन्धित एक कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस बीच, श्रावस्ती में एसआईआर प्रक्रिया में लापरवाही बरतने पर पाँच बीएलओ को निलंबित कर दिया गया है और कई अन्य के खिलाफ कार्रवाई की गई है। श्रावस्ती के जिला निर्वाचन अधिकारी अश्विनी पांडेय ने बताया कि समय पर काम पूरा करने वाले बीएलओ को सम्मानित भी किया जा रहा है।

**लगातार हम लोग सतत परिवेक्षण कर रहे हैं और कुछ हमारे बीएलओ ऐसे थे जिनके द्वारा शिथिलता बरती जा रही थी तो उनके ऊपर बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा तनख्वाह रोकने की नोटिसेस की और सस्पेंशन की कार्यवाही की गई है। साथ ही साथ हम लोगों ने एक अभियान भी चलाकर बीएलओ से काम हमको समय सीमा के अंतर्गत पूरा करना है। तो सभी बीएलओ को मैंने यह भी निर्देशित किया है कि जो लोग 27 नवंबर तक अपना हंड्रेड परसेन्ट डिजिटाइजेशन कर लेंगे उनको जिला प्रशासन की तरफ से सम्मानित और पुरस्कृत भी किया जाएगा।**

वाराणसी में जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कल कई बूथों का निरीक्षण किया और अभियान की प्रगति की समीक्षा की।

**********

प्रदेश के वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कल उन्नीसवीं राष्ट्रीय जम्बूरी में पीजेंट शो का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने स्काउट–गाइड्स के उत्साह, अनुशासन और सेवा–भाव की सराहना की। श्री खन्ना ने कहा कि स्काउट गाइड अत्यंत पवित्र एवं

सेवा का क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि स्काउट गाइड स्वैच्छिक, शैक्षिक आंदोलन है जो युवाओं में बौद्धिक, आध्यात्मिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देता है।

**********

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय दो से पंद्रह दिसम्बर तक काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण का आयोजन करेगा। यह आयोजन तमिलनाडु और काशी के बीच सांस्कृतिक और बौद्धिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से किया जाता है। वाराणसी में आयोजित होने वाले काशी तमिल संगमम को लेकर तैयारियां तेजी से पूरी की जा रही हैं। एक रिपोर्ट–

**काशी तमिल संगमम में छात्र, शिक्षक, आध्यात्मिक विशेषज्ञ आदि सात श्रेणियों में तमिलनाडु से 1,400 से अधिक प्रतिनिधि काशी आएंगे जहाँ वे दोनों प्रदेशों के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंधों को साझा करेंगे । इस बार आयोजन में दो नए पहल की जाएंगी। पहली है तमिल करकलम, जिसके तहत उत्तर भारत के छात्रों को तमिलनाडु में तमिल सीखने का मौका मिलेगा। दूसरी पहल अगस्त्य एक्सपीडिशन है, जिसके तहत तेंकाशी से काशी तक की यात्रा करायी जाएगी जिसमें तमिलनाडु के देश के प्रति योगदान पर प्रकाश डाला जाएगा। संगमम का समापन 15 दिसंबर को रामेश्वरम में होगा। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार वाराणसी।**

काशी तमिल संगमम के प्रतिभागियों के लिए उन्तीस नवम्बर से बारह दिसंबर तक कन्याकुमारी, चेन्नई और कोयंबटूर से बनारस के बीच सात रेलगाडियां चलाई जाएंगी। वापसी यात्रा पांच से सत्रह दिसंबर तक चलेगी।

**********

केंद्र सरकार द्वारा घोषित चार नई श्रम संहिताओं की समाज के सभी वर्गों द्वारा सराहना हो रही है। मेरठ–बागपत के उप श्रमायुक्त एवं उप कल्याण आयुक्त राजेश मिश्रा ने बताया कि पुराने श्रम कानूनों को समाहित करते हुए सरकार ने उनकी जटिलताओं को कम किया है।

**यह देश के सामाजिक आर्थिक विकास के लिए बहुत मील का पत्थर साबित होनी चाहिए। इसमें जैसे न्यूनतम वेतन सभी कैटेगरीज के लिए लागू कर दिया गया। नेशनल फ्लोर लेवल मिनिमम वेजेस लागू कर दिए गए हैं। सोशल सिक्योरिटी ऑलमोस्ट सभी के लिए लागू कर दी गई है। बिग और प्लेटफार्म वर्कर्स जोड़े गए हैं जो नई कैटेगरीज हैं।**

**********

गोवा के पणजी में छप्पनवां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव–इफ्फी अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। फिल्म महोत्सव के सातवें दिन कल कई मशहूर फिल्मों की स्क्रीनिंग, मास्टरक्लास तथा कई कार्यक्रम आयोजित हुए। एक रिपोर्ट–

***इफ्फी में कई गतिविधियां संचालित की गई। भारतीय पैनोरमा में गोंधल, भाईमोन दा, 2.0, पत्रलेखा, इम्बू और कमिटी कोरुल्लू जैसी फिल्मों का प्रदर्शन हुआ। भूपेन हजारिका पर आधारित एक विशेष डॉक्यूमेंट्री भी प्रदर्शित की गई। एक बंगाली फिल्म दृ पोक्खिराजेर डिम के निर्देशक ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि उन्होंने महान फिल्मकार सत्यजीत रे के एक अधूरे कार्य को पूरा किया है। उनकी फिल्म विज्ञान और भारतीय ज्ञान पर केन्द्रित है। कला अकादमी में फिल्म समीक्षक की भूमिका और उसके व्यापक प्रभाव पर विशेष फिल्म किट्रिक राउंड टेबल का आयोजन किया गया। इसी स्थान पर प्रतिष्ठित कॉस्ट्यूम डिजाइनर एका लखानी ने भी मास्टर क्लास ली। आदर्श और सायरा के साथ निखिल कुमार, आकाशणवाणी समाचार, पणजी गोवा।***

**********

सिद्धार्थनगर जिले में सांसद खेल महोत्सव के तहत कल से ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं शुरू हो गईं। इस दौरान वहां के सभी चौदह ब्लॉकों में प्रतियोगिताएं हो रही हैं। इनसे जुड़े उद्घाटन समारोह के दौरान स्थानीय सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऐतिहासिक पहल है।

**ये पहल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के देश के अन्दर के ग्रामीण स्तर की प्रतिभाओं को जिनको कभी एक उचित मंच या प्लेटफार्म नहीं मिलता है, ऐसे लोगों को भी जिनके अन्दर प्रतिभायें हैं वो जिले, प्रदेश, देश स्तर पर अपनी प्रतिभाओं से और एक खिलाड़ी के रूप में विजेता हो सकते हैं और स्थान बना सकते हैं।**

**********

दिल्ली की एक अदालत ने लाल किला विस्फोट के सातवें आरोपी सोएब को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण की दस दिन की हिरासत में भेज दिया। सोएब को फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया था।

**********